शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय,रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com , वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमांक 4010/E/ परीक्षा–गोपनीय/2023 रायगढ़, दिनांक 17.01.2023

–:: अधिसूचना ::–

विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 3952/E/परीक्षा–गोपनीय/2022 रायगढ़ दिनांक 23.12.2022 के अनुक्रम में सत्र 2022–23 में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के स्वाध्यायी एवं भूतपूर्व परीक्षार्थियों द्वारा शहीद नदंकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ की वेबसाईट http://snpv.ac.in पर उपलब्ध Online Portal Link के माध्यम से ऑनलाईन नामांकन (ऐसे परीक्षार्थियों के लिए जिनके नामांकन इस विश्वविद्यालय में नहीं हुआ है एवं प्रथम बार इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे) एवं परीक्षा आवेदन तथा ऑनलाईन माध्यम से परीक्षा शुल्क (विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 1757/परीक्षा/2021, रायगढ़, दिनांक 25.11.2021 द्वारा निर्धारित) जमा करने के लिए तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

क्रं.	विवरण	तिथि
01.	स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के स्वाध्यायी/भूतपूर्व परीक्षार्थियों के लिए बिना विलंब शुल्क अंतिम तिथि	17.01.2023 से 31.01.2023 रात्रि 12.00 बजे तक
02.	स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के स्वाध्यायी/भूतपूर्व परीक्षार्थियों के लिए विलंब शुल्क 200/– रूपये के साथ	01.02.2023 से 05.02.2023 रात्रि 12.00 बजे तक

- परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म भरते समय पोर्टल पर दिये गये निर्देशों का अनिवार्यतः पालन करें एवं पूर्ण सावधानी के साथ परीक्षा फॉर्म भरे।
- परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी (प्रिंट कर) आवश्यक दस्तावेज के साथ संलग्न कर 10.02.2023 तक अनिवार्यतः महाविद्यालय में जमा किया जायें।
- महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल से ऑनलाईन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की सूची डाउनलोड कर सूची के क्रमानुसार परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदनों का आवश्यक संलग्नक दस्तावेजों के साथ परीक्षण कर विधिवत् अग्रेषित कर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में दिनांक 15.02.2023 तक जमा किया जाना होगा।

नोट :–

1- विश्वविद्यालय के स्नातक/स्नातकोत्तर की परीक्षा में पहली बार सम्मिलित हो रहे वे स्वाध्यायी/भूतपूर्व छात्र–छात्राएँ जिनका नामांकन इस विश्वविद्यालय में नहीं हुआ है वे नामांकन फॉर्म एवं परीक्षा फॉर्म दोनों भरेंगे अपितु जिन छात्रों का नामांकन पूर्व में इस विश्वविद्यालय में हो चुका है वे सीधा परीक्षा फॉर्म भरेंगे।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

क्रमांक 4011/E / परीक्षा–गोपनीय / 2023 रायगढ़, दिनांक 17.01.2023

प्रतिलिपिः–

1- कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2- वित्ताधिकारी / उप–कुलसचिव (परीक्षा / अकादमी / भंडार / वित्त / प्रशासन), शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
3- अधिष्ठाता, छात्र–कल्याण, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय,रायगढ़ (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
4- प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) को सूचनार्थ कृपया महाविद्यालय के लिए सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आवेदन करने हेतु सूचित करावें।
5- अनुभाग अधिकारी / कक्ष प्रभारी (परीक्षा–गोपनीय) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6- संपादक / संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

परीक्षा प्रभारी